# बिना स्लॉट के वेयरहाउस में हजारों क्विंटल गेहूं का खेल!

## मामला खापाबाजार खरीदी केंद्र का : नियमों को ठेंगा दिखाकर किया भंडारण, जांच की मांग तेज

**सिवनी नवभारत। सिवनी जिले के खापा बाजार स्थित एक निजी वेयरहाउस जो खरीदी केंद्र बनाया गया है और वेयरहाउस संचालक में लगभग 2000 क्विंटल गेहूं बिना पंजीयन और बिना स्लॉट बुकिंग के रखे जाने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार यह गेहूं वेयरहाउस संचालक शोभा राय से जुड़ा बताया जा रहा है। और वेयरहाउस भी निजी है जहां शासन ने किसानों की समस्या के चलते यहां खरीदी केंद्र बनाया गया है मौके पर जब टीम पहुंची तो यहां पर ना तो किसी प्रकार की कोई सुविधा दिखाई दे रही है ना ही कोई नियम जिसके चलते इस केंद्र में बड़ा खेल देखने को मिल सकता है जो पूरे क्षेत्र में इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है जिससे किसानों में भारी आक्रोश भी दिखाई दे रहा है कि आखिरकार बिना किसी नियम के इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं का स्टॉक क्यों है क्या बड़े अधिकारी से सांठगांठ या मोटी रकम तो नहीं!**





### वेयरहाउस मालिक ने नियमों को दी खुली चुनौती

मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी पूरी तरह पंजीयन और टोकन सिस्टम पर आधारित है, जिसके तहत- बिना पंजीयन खरीदी नहीं, बिना स्लॉट उपज स्वीकार नहीं, निर्धारित केंद्र और तारीख अनिवार्य। इसके बावजूद, इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं का भंडारण कई सवाल खड़े कर रहा है। कि आखिरकार किसका संरक्षण हो सकता है इसके अलावा शासन प्रशासन को खुली चुनौती देने में किसी प्रकार का कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं वेयरहाउस मालिक की मनमर्जी कहे और नियम की ताक में रखकर यह खेल खेला जा रहा है इसमें किसानों के साथ साफ-साफ अन्याय दिखाई दे रहा है जो इसे हम खुली चुनौती कह सकते हैं अब यह देखना होगा कि इस खेल में किसका फायदा है किस व्यापार या खरीद प्रभारी का

प्रशासन पर भी सवाल उठ सकते हैं ग्रामीण कार्रवाई की उम्मीद इस मामले में शासन प्रशासन और संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं थी? और अगर नहीं थी तो क्या खबर प्रशासन के बाद संबंधित विभाग इसकी जांच करेगा नहीं तो शासन



प्रशासन पर सवाल उठ सकते हैं क्योंकि खरीदी केंद्र में इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं बिना निगरानी कैसे रखा गया? और हो सकता है कि स्थानीय स्तर पर मिलीभगत है? जिसके चलते पूरे क्षेत्र में और किसानों में नाराजगी दिखाई दे रही है इसके अलावा किसानों में भारी आक्रोश भी दिखाई दे रहा है और कुछ स्थानीय किसानों का कहना है कि नियमों का पालन कर टोकन लेकर लाइन में खड़े रहते हैं, और दूसरी तरफ खुलेआम नियम तोड़े जा रहे हैं। इस पर कार्रवाई की मांग किसान कर रहे हैं और आसपास की जनता और किसानों ने मांग की है कि वेयरहाउस की तत्काल जांच हो कि गेहूं के स्रोत की जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई हो और वहीं एक तरफ सरकार पारदर्शी व्यवस्था लागू कर रही है, वहीं ऐसे मामले पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है या फिर इस गंभीर मामले पर कड़ी कार्रवाई करती है हालांकि नवागत कलेक्टर से बड़ी उम्मीद है।

### मुझे नियम से मतलब नहीं मेरा खुद का वेयरहाउस है : राय



जब इस मामले में हमारे संवाददाता ने वेयरहाउस की मालिक से बात की तो संचालक द्वारा कथित रूप से कहा गया कि मैं अपनी जमीन में रख सकता हूं, मुझे नियम से मतलब नहीं। यदि यह बयान सही है, तो यह न सिर्फ नियमों की अनदेखी बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को खुली चुनौती माना जा रहा है और गंभीर अनियमितता की आशंका साफ तौर पर दिखाई दे रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों और अधिकारी सहित विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा (2000 क्विंटल) बिना पंजीयन/स्लॉट निजी वेयरहाउस में भंडारण तो यह मामला जमाखोरी, अवैध खरीदी या फर्जी एंट्री जैसी गतिविधियों से जुड़ा हो सकता है अगर इसकी निष्पक्षता से जांच होती है तो निश्चित तौर पर बड़ा मामला देखने और सुनने को मिल सकता है क्योंकि जांच के बाद ही पुष्टि संभव है।

### निजी गेहूं के लॉट में सरकारी गेहूं की बोरियां भी चर्चाओं में

आश्चर्य इस बात का है कि जब हमारे संवाददाता धान खरीदी केंद्र मौके पर पहुंचे तो लगभग 2000 क्विंटल गेहूं तो थी साथ में सरकारी गेहूं की कुछ बोरियां अधिक मात्रा में इस लॉट में देखने को मिली जो इस बात का प्रमाण है कि कहीं ना कहीं इस वेयरहाउस में बड़ा खेल की तैयारी चल रही है जिससे व्यापार को फायदा और संबंधित अधिकारी को मोटी रकम की संभावना दिखाई दे रही है तभी तो बेखौफ होकर वेयरहाउस मालिक अपने वेयरहाउस जो कि सरकार ने खरीदी केंद्र के रूप में किराए से लिया है तो वेयरहाउस मालिक अपनी मनमर्जी के चलते शासन प्रशासन के साथ नियम विरुद्ध तरीके से सरकारी अनाज को भी बेचने का प्लान तो नहीं सरकारी अनाज को बेचना कानून अपराध माना गया है जिस पर सिद्ध होने पर संबंधित के ऊपर कड़ी कार्यवाही का प्रावधान है वहीं इस वेयरहाउस में सरकारी अनाज भारी मात्रा में पहले से ही रखा हुआ है तो कहीं वहीं सरकारी अनाज दोबारा बेचने की तैयारी तो नहीं क्योंकि इतनी अधिक बोरियां जो कि सरकारी अनाज है वह उस लॉट में कहां से आई?



## स्कूलों का समय बदला, अब 8 से दोपहर 1 बजे तक लगेंगी कक्षाएं, आदेश जारी


भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल समय में परिवर्तन हो : जितेंद्र सिंह

**सिवनी नवभारत।** जिले में भीषण गर्मी और लू (हीट वेव) के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने स्कूली बच्चों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। जिले में ग्रीष्म ऋतु में तापमान में हो रही वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इस हेतु जिला सिवनी की समस्त शासकीय /अशासकीय /नवोदय विद्यालय / सी.बी.एस.ई./ आई.सी.एस.ई/ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं अन्य बोर्ड से संबंधित संस्थाओं में कक्षा नर्सरी (प्ले ग्रुप) से कक्षा 12 तक के विद्यालयों के मद्देनजर जिले के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के संचालन समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन करने का महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार रहेगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। ज्ञात हो कि जिले में इस वर्ष मई-जून जैसी तपिश अप्रैल में ही महसूस की जा रही है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 17 अप्रैल से हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई है।

नव भारत खबर का असर


जिले में तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए नवभारत समाचार पत्र व जितेंद्र सिंह ने नवागत कलेक्टर नेहा मीना से अन्य जिलों की भांति सिवनी जिले में भी विद्यालय संचालन में परिवर्तन किए जाने की मांग की थी। ताकि नन्हे मुन्ने बच्चों को पठन-पाठन में आसानी हो सके और बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिए जाना चाहिए। जिसे कलेक्टर नेहा मीना ने त्वरित स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिए हैं।

### कामनी सैयाम ने कक्षा दसवीं में हासिल किये 97 .4 प्रतिशत अंक



**गणेशगंज नवभारत।** शासकीय कन्या हाई स्कूल गणेशगंज की छात्रा कामनी सैयाम पिता रामनारायण सैयाम ने कक्षा दसवीं वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 मे से 487 अंकों के साथ 97.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करते हुए परिवार सहित गणेशगंज क्षैत्र का नाम रोशन किया है।

## एक नजर में



### आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित

**छपारा।** गत दिवस श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा से नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित गोल्डन टेंपल परिसर के नजदीक सामुदायिक भवन में 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक इस शिविर का आयोजन किया गया था। सुबह 6 .30 से नौ बजे तक आयोजित इस शिविर में बैंगलोर से प्रशिक्षण प्राप्त आनंद अग्रवाल द्वारा छपारा नगर के लोगों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जीवन जीने की कला, स्वाश तकनीक, ध्यान, तनाव से मुक्ति सुदर्शन क्रिया सहित, अनेकों जीवन उपयोगी क्रियाओं को सिखाया गया, जिससे आत्म विश्वास और नेतृत्व कि क्षमता बढ़ाने मन की एकाग्रता स्वास्थ मन कि भावना जीवन में हर क्षेत्र मे सफलता प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण बातों को सिखाया गया। चार दिन के इस शिविर में छपारा नगर के अनेकों गणमान्य महिला पुरुषों ने भाग लिया, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , सहित अधिकारी कर्मचारी, डॉक्टर, मीडिया के लोगो ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

### संजना अहरवार ने किया गौरवान्वित



केवलारी। केवलारी की स्थानीय संदीपनी शासकीय विद्यालय केवलारी की मेधावी छात्रा कुमारी संजना अहरवार ने कक्षा दसवीं में 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला व परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। पत्रकार जमुना अहरवार व रविशंकर अहरवार की सुपुत्री संजना की इस सफलता पर शाला परिवार , परिजनों व शुभचिन्तकों ने बधाईयां प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### तनय साहू ने 97 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की परीक्षा



सिवनी। तनय साहू पिता योगेन्द्र साहू माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज से 97त्न अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है सभी शिक्षकों एवं शुभचिंतकों और ईष्ट मित्रों ने बालक के उज्जवल भविष्य की कामना की भविष्य में ऐसे ही सफलता प्राप्त करें और गांव और सिवनी जिले का नाम रोशन करे।

## ब्रांच मैनेजर ने सदस्यता अभियान अंतर्गत मुंगवानी में वितरित किए फॉर्म

**सिवनी नवभारत।** सहकारिता के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है। इसी क्रम में कृषि शाखा सिवनी के ब्रांच मैनेजर डी. के. ब्रह्मवंशी समिति मुंगवानी पहुँचे, जहाँ उन्होंने नवीन किसानों को सदस्यता फॉर्म वितरित किए और उन्हें सहकारी संस्था से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



इस दौरान ब्रांच मैनेजर ने उपस्थित किसानों को समिति से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता एवं अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आह्वान किया, ताकि उन्हें योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दौरान समिति मुंगवानी के मैनेजर जोगेश ठाकुर सहित संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता से सदस्यता अभियान के प्रति उत्साह देखा गया।

इसके पूर्व ब्रांच मैनेजर डी. के. ब्रह्मवंशी ने समिति कातलबोड़ी (लखनवाड़ा) पहुँचकर भी इसी प्रकार की कार्यवाही की थी। वहाँ लखनवाड़ा के मैनेजर सुनील कुमार सनोडिया, सुमित जैन सहित अन्य समिति कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति रही, वहीं कृषि शाखा के कर्मचारी चयन सिंह पटले भी उपस्थित रहे। समिति प्रबंधन के अनुसार सदस्यता अभियान निर्धारित अवधि तक जारी रहेगा तथा अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।



## ग्राम टिगरा बबरिया में चल रही शिव महापुराण

**छींदा नवभारत।** समीपस्थ ग्राम टिगरा - बबरिया में झलकन सिंह - लीला बाई राजपूत, पुत्र - दारा सिंह राजपूत एवं समस्त राजपूत परिवार ग्राम टिगरा ( बबरिया ) के सहयोग से गत 15 अप्रैल से श्री शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। भगवान भोलेनाथ की आसीम कृपा एवं पूर्वजों के पुण्य प्रताप से श्री दारा सिंह झलकन सिंह के निवास ग्राम - टिगरा में 23 अप्रैल तक शिव महापुराण चलेगी। सुपरिचित कथा वाचक पंडित मंगलमूर्ति शास्त्री व्यास पीठ पर विराजित होकर कथा का वाचन करेंगे। दोपहर 03 से 06 बजे तक कथा प्रवचन होते हैं। सुबह 08 से अपरान्ह 12 बजे तक पूजन अभिषेक व पारायण पाठ होता है। 23 अपैल गुरुवार को हवन और भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम टिगरा - बबरिया में जारी श्री शिव महापुराण के आयोजक, राजपूत परिवार ने अपने गांव, छींदा क्षेत्र एवं सम्पूर्ण सिवनी जिला के शिव भक्तों को कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण करने का निवेदन किया है।

## विधायक निवास पहुंचे नरोत्तम मिश्रा, हुआ आत्मीय स्वागत



**सिवनी।** विधायक दिनेश राय मुनमुन के गृह निवास पहुंचने पर पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान श्री राय ने उनका सपरिवार आत्मीय अभिनंदन किया। विधायक दिनेश राय मुनमुन पूर्व गृहमंत्री श्री मिश्रा का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस भेंट के दौरान श्री राय ने आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर श्रीमती मीना बिसेन जिलाध्यक्ष सहित भाजपा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

## 22 वर्षीय युवक ने लगायी फांसी

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले के पुलिस थाना उगली के अंतर्गत खुरसरा ग्राम के होलू टोला में गत दिवस एक लड़के ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,पुलिस थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी अनुसार उप निरीक्षक डी आर शरणागत से प्राप्त जानकारी के अनुसार ए एस आई सुमेर चंद ऊइके घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक का पंचनामा बनाया,और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया किन कारणों से युवक ने यह कदम उठाया जांच का विषय है, मृतक का नाम प्रकाश पिता रामकुमार सरयाम उम्र 22 है।




## अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**सिवनी नवभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, सुंदरी संभाग के अंतर्गत एकत्व महिला परिषद, सिवनी शाखा द्वारा अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष मोली जैन के सानिध्य में नवीन कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। समारोह में अध्यक्ष पद पर स्वाति जैन, सचिव पद पर श्रीमती नीलम जैन तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती पूर्वी जैन को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही द्वितीय चरण में प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी के रूप में अंजली जैन, प्रांतीय प्रभारी के रूप में नीलम जैन तथा प्रीति कौशल प्रांतीय चेयरपर्सन के रूप में अनीता जैन को दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में अन्य सदस्यों में सुधा जैन, सुनीता जैन वैसाखिया, सीमा, अभिलाषा, सुनीता, नीलम, पारुल, अलका, रोशनी एवं भावना जैन सुनीता जैन अभिभाषा जैन ऋतु ,जैन रुचि जैन सुरभि ज्योति ,मोनिका चौधरी, रानूजैन सहित सभी ने शपथ ग्रहण की। जनसंपर्क प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी अंजलि विजय जैन की ओर से सेबच्चों को स्टेशनरी सामग्री एवं पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही ई-स्टडी हेतु स्केल, पेंसिल, रबर प्रदान किए गए तथा पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए गए।



**सम्मेलन** | प्रदेश भर से जुटे समाज के लोग, एक जोड़े का विवाह हुआ संपन्न, परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान

# पिपरिया विधायक नागवंशी के मुख्य आतिथ्य में कतिया समाज का परिचय सम्मेलन

**सिवनी नवभारत।** 18 अप्रैल 2026, शनिवार को राजश्री पैलेस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिंदवाड़ा रोड, सिवनी में कतिया समाज द्वारा विशाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम पिपारिया (होशंगाबाद) के विधायक ठाकुर दास नागवंशी के मुख्य आतिथ्य, श्रवण कुमार आम्रवंशी (प्रदेश अध्यक्ष, मध्यप्रदेश कतिया समाज पंजीकृत संस्था क्रमांक 10277) की अध्यक्षता तथा श्रीमती ममता नागवंशी (विधायक पत्नी), महेश नाग (प्रांतीय अध्यक्ष, महाराष्ट्र), महेंद्र शिव (मैरिज ग्रुप), प्रदीप आम्रवंशी (अध्यक्ष, नर्मदापुरम), आर.वी. सूर्यवंशी (पूर्व अध्यक्ष, नर्मदापुरम), के.एल. ब्रम्हवंशी (महासचिव) एवं रघुनाथ सिंह नाग (जिलाध्यक्ष, मंडला) के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कतिया समाज के आराध्य संत शिरोमणि भूरा भगत महाराज की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ठाकुर दास नागवंशी ने कहा कि उन्हें अपनी जाति पर गर्व है और समाज के सहयोग से ही वे इस पद तक पहुंचे हैं। उन्होंने सिवनी में आयोजित इस विशाल कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं और इसमें समाज के हर वर्ग को तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए।






प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार आम्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि इतने बड़े आयोजन के बाद अब समाज को अपने भवन को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने इसके लिए तत्काल 1,01,000 रुपये की राशि देने की घोषणा भी की।

परिचय सम्मेलन में लगभग 150 युवक-युवतियों ने अपने विवाह हेतु परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में के.के. डोंगरे (जिलाध्यक्ष), दयाराम कोशले (नगर अध्यक्ष), श्रीमती जानकी कोशले, पी.डी. नाग (शिक्षक), डालचंद बंजारे, रविशंकर रसिक, शिव प्रसाद भारद्वाज एवं डी.डी. नाग (सेवानिवृत्त प्राचार्य) सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके एक माह के अथक प्रयास से यह आयोजन सफल हो सका।



कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रम सिंह रसिक पिता रविशंकर रसिक, परासिया बंडोल) एवं माला डोंगरे (पिता- राजेंद्र डोंगरे, ग्राम देवरी लालवर्रा) का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर समाज के उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, जिन्होंने परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर नौकरी हासिल की, खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धि हासिल की तथा सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया, उन्हें मुख्य अतिथि के हाथों शॉल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस भव्य आयोजन में 2000 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए समाज के अध्यक्षों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप मिला। सभी उपस्थितजनों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। यह आयोजन न केवल सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि समाज में एकता, शिक्षा और संस्कारों के प्रचार-प्रसार का भी सशक्त माध्यम बना। आयोजकों ने बताया कि अप्रैल माह के बाद इस वर्ष कोई अन्य परिचय सम्मेलन आयोजित नहीं किया जाएगा, इसलिए समाज के लोगों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। मीडिया सहयोग के रूप में कतिया मैरिज ग्रुप, नागपुर ने इस आयोजन को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**केवलारी नवभारत।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज केवलारी के तत्वाधान में नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर नगर का वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सुंदर एवं आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे देखने के लिए मार्गों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी एकत्रित हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के खेरमाई मंदिर से विधि-विधान के साथ हुआ। इसके पश्चात यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। शोभायात्रा में श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, वहीं डीजे पर भक्ति गीतों की धुन पर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। झांकी में भगवान परशुराम के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। नगर के विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना रहा। शोभायात्रा का समापन मां बड़ी खेरमाई मंदिर परिसर में हुआ, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान समाज की सुख-समृद्धि और नगर की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी, समाजजन तथा नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।



## छपारा में धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा

छपारा नवभारत। 19 अप्रैल दिन रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को नगर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्सव रुप वातावरण में भव्यता के साथ मनाया गया जहां दोपहर लगभग 5 बजे नगर के संजय कॉलोनी चौराहा के समीप स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज छपारा सहित क्षेत्रीय ग्रामों से स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया जिसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्गों से होते हुए नगर के बस स्टैंड से बाजार वार्ड होते हुए नगर के बैनगंगा नदी सिद्ध बाबा घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई वहीं उक्त शोभायात्रा यात्रा में रानी लक्ष्मीबाई,भारत माता कीं सजीव झांकियां सहित भगवान परशुराम जी का छाया चित्र रथ पर सवार कर शोभायात्रा में हर आयु वर्ग ने आकर्षक परिधान पहनने हुए सर्व ब्राह्मण समाज जनों ने सपरिवार हिस्सा लिया एवं मंत्रों, घंटियों का उच्चारण करते हुए निकाली गई शोभायात्रा में सभी क्षेत्रीय जनों के सुख समृद्धि के आशीर्वचन मंगल कामनाएं की गई। वहीं नगर में अनेक जगहों पर नगर के सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल हुए जनों का पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय जल और फल इत्यादि स्वल्पाहारों से भी स्वागत किया गया।

